**JALAUN POLICE**

**दिनांक- 27.07.2026**

## थाना नदीगांव पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये प्रकाश में आये अभियुक्त को चेकिंग के दौरान किया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 05.07.2026 को थाना नदीगांव में सूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति शराब के नशे में ग्राम भकरौल में रोड के किनारे खेत पर पड़ा हुआ है उक्त सूचना पर थाना नदीगांव पुलिस द्वारा मौके पर जाकर देखा तो व्यक्ति मृत अवस्था में था जिसके बारे में जानकारी करने पर उसकी पहचान राजकुमार बरार पुत्र बालादीन निवासी ग्राम भकरोल थाना नदीगांव जनपद जालौन के रूप में हुयी। जिसके सम्बन्ध में मृतक की पत्नी श्रीमती सुमन ने थाने पर मु 0अ0सं0 66/2026 धारा 103(1)/351(3) बीएनएस व 3(2)(V) एस0सी0/एस0टी0 एक्ट बनाम 1. रामप्रकास पुत्र परताई 2. कुअर पाल पुत्र हरकिशुन 3. सौरव पुत्र हरदास 4. लल्लू पुत्र घमण्डी समस्त निवासीगण ग्राम भकरौल थाना नदीगांव जनपद जालौन के विरुद्ध पंजीकृत कराया था। घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन एवं क्षेत्राधिकारी कोंच के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में दिनांक 27.07.2026 को थाना नदीगांव पुलिस टीम द्वारा विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्त सोनू पाल उर्फ महते पुत्र जगदीश पाल निवासी ग्राम भकरोल थाना नदीगांव जनपद जालौन को गिरफ्तार किया गया एवं उनकी निशादेही पर आलाकत्ल डण्डा बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ में अभियुक्त सोनू उपरोक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 04.07.2026 को मैने मृतक राजकुमार उपरोक्त के साथ शराब पी थी शराब पीते समय राजकुमार गाली-गलौज करने लगा। जिस पर मैने उसे मना किया पर वह नही माना तो मैने पहले एक झापड़ मार उसके बाद वहीं खेत में पड़े डंडे से उसको मार दिया। जिससे राजकुमार वहीं गिर गया और मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी और मैं वहां से भाग गया था।

**अभियुक्त का विवरण-**

1. सोनू पाल उर्फ महते पुत्र जगदीश पाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम भकरोल थाना नदीगांव जनपद जालौन।

**बरामदगी का विवरण-**

1. आलाकत्ल डण्डा

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**

1. थानाध्यक्ष नदीगांव मय टीम।